अनुक्रमांक ..................................... | समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................ | पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2021
# (हिन्दी)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 'आँसू' किसकी रचना है? **(1)**

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (B) प्रेमचन्द

(C) जयशंकर प्रसाद (D) महादेवी वर्मा

**2.** 'प्रत्येक' शब्द में सन्धि है- **(1)**

(A) दीर्घ सन्धि (B) यण सन्धि

(C) वृद्धि सन्धि (D) गुण सन्धि।

**3.** 'बसेरे से दूर' पुस्तक के लेखक हैं- **(1)**

(A) राहुल सांकृत्यायन (B) हरिवंश राय बच्चन

(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (D) वियोगी हरि।

**4.** 'राम' शब्द का पंचमी, एकवचन रूप है- **(1)**

(A) रामः (B) रामेभ्यः

(C) रामस्य (D) रामात्।

**5.** 'आधुनिक युग की मीरा' किस कवियत्री को कहा जाता है? **(1)**

(A) मीराबाई (B) महादेवी वर्मा

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान (D) शिवानी।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** 'वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।' वाक्य में कौन-सा कारक है? **(1)**

**7.** 'कंठ्य ध्वनियाँ' कौन-कौन सी हैं? **(1)**

**8.** 'हार' शब्द में उपसर्ग जोड़ते हुए दो शब्द बनाइएं। **(1)**

**9.** 'हितं मनोहारि च दुर्लभम् वचः' सूक्ति का हिन्दी में अर्थ लिखिए। **(1)**

**10.** हिन्दी गद्य साहित्य की किन्हीं चार विधाओं के नाम लिखिए। **(1)**

**11.** 'नदी' एवं 'आकाश' शब्द के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** 'कबीरदास' का संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**13.** संस्कृत भाषा के उच्चारण में दोष के पाँच कारण बताइए। **(2)**

**14.** निम्नलिखित शब्दों को सन्धि विच्छेद कीजिए- विद्यालय, महोत्सव, रमेश, पवन, यद्यपि। **(2)**

**15.** यात्रा वृत्तान्त किसे कहते हैं? हिन्दी के किसी एक यात्रा वृत्तान्त का नाम एवं उसके लेखक का नाम बताइए। **(2)**

**16.** मौन वाचन के उद्देश्य बताइए। **(2)**

**17.** नीचे लिखे नीतिपरक श्लोक का अर्थ लिखिए- 'अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम् । उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ||' **(2)**

**18.** निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी में अर्थ लिखिए- अभितः, ध्रुवम, श्वः, साम्प्रतम्। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/hindi/2021

2. हिन्दी का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/hindi/

3. हिन्दी के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/hindi/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN